# Hindi Grammar Gk- 2

## For :- SSC GD, CET 2024

#Hindi_Gk Part- 1

## Most Important Questions


अधिक पढ़ने हेतु

YouTube Subscribe

1. Telegram चैनल ज्वॉइन करें

2. YouTube पर ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

3. WhatsApp ग्रुप ज्वॉइन करें

4. राजस्थान क्लासेज Home Page GK संबंधित PDF डाउनलोड

1. **वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है ?**

(A) आलौकिक (B) अलौकिक

(C) आलोकिक (D) अलोकिक

**(B) व्याख्या**-'अलौकिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। ह्रस्व व दीर्घ स्वरों के गलत उच्चारण के कारण प्रायः आलौकिक अथवा आलोकिक या अलोकिक शब्द उच्चरित किया जाता है जो वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

2. **निम्न में से किस शब्द की संधि सही है ?**

(A) कपि + ईश्वर = कपीश्वर (B) सती + ईश = सतिश

(C) लक्ष्मी + इच्छा = लक्ष्मी इच्छा

(D) जानकीर + ईश = जानकैश

**(A) व्याख्या**-'कपीश्वर' शब्द में दीर्घ संधि है। दीर्घ सन्धि के नियमानुसार ह्रस्व अथवा दीर्घ अ, आ, इ, ई, उ, ऊ से परे एक जैसे ह्रस्व या दीर्घ स्वर आने पर दोनों मिलकर दीर्घ अर्थात् 'आ', 'ई', 'ऊ' हो जाते हैं। अतः विकल्प 'A' सही है।

3. **निम्न में से किस शब्द में 'दुर्' उपसर्ग नहीं है ?**

(A) दुर्लभ (B) दुर्बल (C) दुर्दशा (D) दुसाध्य

**(D) व्याख्या**-उपसर्ग वे शब्दांश होते है जो मूल शब्द से पूर्व जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन कर देते है। उपर्युक्त विकल्पों में से 'D' विकल्प में दिए गए 'दुसाध्य' शब्द में 'दुर्' उपसर्ग न होकर 'दुस्' उपसर्ग है। यह शब्द 'दुस्' तथा 'साध्य' के योग से बना है।

**4. निम्न में से किस शब्द में 'ई' प्रत्यय नहीं है ?**

(A) बुनाई (B) रेती (C) बुहारी (D) फाँसी

**(A) व्याख्या**–ऐसे शब्दांश जो शब्दों के अन्त में जुड़कर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, प्रत्यय कहलाते है। उपर्युक्त शब्दों में से 'A' विकल्प में दिए गए शब्द 'बुनाई' में 'आ ई' प्रत्यय है न कि 'ई' प्रत्यय। बुनाई शब्द बुन् + आई के योग से बना है।

**5. निम्न में से किस विकल्प में 'द्विगु समास' है ?**

(A) नवग्रह (B) पीताम्बर

(C) महावीर (D) हार-जीत

**(A) व्याख्या**-विकल्प 'A' में दिए गए शब्द 'नव ग्रह' में द्विगु समास है। वह समास जिसमें पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण हो तथा समस्त पद समूह का बोध कराए, द्विगु समास कहलाता है। नव ग्रह में नव शब्द संख्या वाचक है तथा 'नव ग्रह' शब्द 'नौ ग्रहों' का समाहार का बोध कराता है।

6. **'According to Convenience' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है ?**

(A) तदनुसार (B) संपादित

(C) सुविधानुसार (D) उपसाधन

**(C) व्याख्या**-'C' विकल्प सही है जबकि 'तदनुसार' शब्द के लिए accordingly', 'संपादित' शब्द के लिए 'accomplished' तथा 'उपसाधन' शब्द के लिए 'accessory' शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

7. **निम्न में से किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द है ?**

(A) Bulk indent- थोक खरीद

(B) Bulk Purchase-थोक माँग पत्र

(C) Bureaucrat- दफ्तर शाही

(D) Bureaucracy-अधिकारी तंत्र

**(D) व्याख्या**-विकल्प 'D' के लिए दिया गया पारिभापक शब्द सही है जबकि Bulk indent के लिए-थोक माँग पत्र, Bulk Purchase के लिए-थोक खरीद तथा Bureaucrat के लिए दफ्तर शाह शब्द शुद्ध है।

7. **निम्न में से किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द है ?**

(A) Bulk indent- थोक खरीद

(B) Bulk Purchase-थोक माँग पत्र

(C) Bureaucrat- दफ्तर शाही

(D) Bureaucracy-अधिकारी तंत्र

**(D) व्याख्या**-विकल्प 'D' के लिए दिया गया पारिभापक शब्द सही है जबकि Bulk indent के लिए-थोक माँग पत्र, Bulk Purchase के लिए-थोक खरीद तथा Bureaucrat के लिए दफ्तर शाह शब्द शुद्ध है।

8. **किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?**

(A) अंकुश रखना-नियन्त्रण रखना।

(B) अगर-मगर करना-टालमटोल करना।

(C) कलेजे का टुकड़ा-हृदय का दुख उमड़ना।

(D) कलई खुलना-भेद सामने आना।

**(C) व्याख्या**-विकल्प 'C' में दिए गए मुहावरे का भावार्थ है 'बहुत ही प्यारा' जबकि 'हृदय का दुख उमड़ना' भावार्थ के लिए 'क़लेजा मुँह को आना' मुहावरा प्रयुक्त होता है।

9. **जब एक प्रधान उपवाक्य पर अनेक आश्रित उपवाक्य हो तो निम्न में से किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?**

(A) पूर्ण विराम (B) अर्द्ध विराम

(C) योजक चिह्न (D) संकेत चिह्न

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) सही है। पूर्ण विराम (।) का प्रयोग साधारण, मिश्र या संयुक्त वाक्य की समाप्ति पर किया जाता है, योजक चिह्न (–) का प्रयोग दो शब्दों को जोड़ने के लिए तथा द्वन्द एवं तत्पुरुप समास में किया जाता है तथा संकेत चिह्न (*) का प्रयोग जब कोई नियम या मुख्य बातें बतानी हो तो उसके पहले किया जाता है।

10. **निम्न वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(A) अब विंध्याचल पर्वत हरा-भरा हो गया।

(B) 'उत्साह' शीर्षक निबन्ध अच्छा है।

(C) तुम्हारे आने से मैं गद्-गद् हो गया।

(D) मैं मंगलवार को व्रत रखता हूँ।

**(D) व्याख्या**-विकल्प 'A' में दिया गया वाक्य अशुद्ध है। शुद्ध वाक्य होगा-अब विंध्याचल हरा-भरा हो गया। क्योंकि विंध्याचल स्वयं एक पर्वत है। अतः इसके बाद 'पर्वत' शब्द का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है।

**11. निम्न वाक्यों में से संयुक्त वाक्य कौनसा है ?**

(A) भारत का किसान आज भी अभावों में जी रहा है।

(B) मैं वहाँ जा रहा हूँ जहाँ मोहन रहता है।

(C) लवेश तो आ गया परन्तु हरीश नहीं आया।

(D) वह आज नहीं आएगा क्योंकि वह अस्वस्थ है।

**(C) व्याख्या**-जहाँ दो या दो से अधिक उपवाक्य किसी समानाधिकरण समुच्चय बोधक (योजक) से जुड़े हो, वे संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। अतः विकल्प 'C' में दिया गया वाक्य संयुक्त वाक्य है।

**12. निम्न में से किस वाक्य में कर्ता कारक (परसर्ग) का प्रयोग किया गया है ?**

(A) बच्चे ने दूध पी लिया

(B) राकेश पत्र लिख रहा है

(C) हमने दही के साथ रोटी खाई

(D) मैं उसके लिए पुस्तक लाया

**(A) व्याख्या**-शब्द के जिस रूप से क्रिया को करने वाले का बोध होता है, उसे कर्त्ता कारक कहते है। कर्त्ता कारक का परसर्ग 'ने' है। भूतकालीन पूर्ण सकर्मक क्रियाओं के साथ 'ने' विभक्तिया, परसर्ग का प्रयोग किया जाता है। अतः विकल्प 'A' सही है।

**13. 'गणेश की पुस्तक समाप्त हो गई है'-इस वाक्य में पक्ष है ?**

(A) आवृत्ति मूलक पक्ष

(B) सातत्य बोधक पक्ष

(C) नित्य बोधक अपूर्ण पक्ष

(D) पूर्णकालिक पक्ष

**(D) व्याख्या**-प्रत्येक कार्य व्यापार किसी कालावधि के बीच होता है जो आरम्भ से अंत तक फैला होता है। इस कालावधि में कार्य व्यापार को देखना पक्ष कहलाता है। जब निश्चित कालावधि में कार्य

व्यापार पूरा या समाप्त हो चुका होता है तो वह पूर्ण कालिक पक्ष कहलाता है। उपर्युक्त वाक्य में 'पुस्तक समाप्त हो गई है' अत: पूर्ण कालिक पक्ष है।

14. **निम्न में से किस वाक्य में भाव वाच्य है ?**

(A) धोबी के द्वारा कपड़े धोए जाते हैं।

(B) रोगी से चला नहीं जाता।

(C) वह खाना खाता है।

(D) माँ खाना बना रही है।

**(B) व्याख्या**-क्रिया के जिस रूप में न तो कर्त्ता की प्रधानता होती है न कर्म की, बल्कि भाव की प्रधानता होती है तथा केवल अकर्मक क्रिया का प्रयोग किया जाता है तथा क्रिया सदैव एक वचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती है, वहाँ भाव वाच्य होता है। अत: विकल्प (B) में दिए गए वाक्य में भाव वाच्य हैं।

15. **निम्न में से किस वाक्य में 'संदिग्ध भूतकाल' का प्रयोग हुआ है ?**

(A) तुम आते तो मैं भी चलता।

(B) उन्होंने काम किया है।

(C) विद्यालय बंद हो गया होगा।

(D) माताजी ने खीर बनाई।

**(C) व्याख्या**-भूतकाल की जिस क्रिया के करने या होने पर संदेह प्रतीत हो, वह संदिग्ध भूत कहलाता है। अत: विकल्प 'C' में दिया गया वाक्य संदिग्ध भूतकाल का है क्योंकि विद्यालय के बन्द होने पर संदेह है।

(C) **व्याख्या**-भूतकाल की जिस क्रिया के करने या होने पर संदेह प्रतीत हो, वह संदिग्ध भूत कहलाता है। अतः विकल्प 'C' में दिया गया वाक्य संदिग्ध भूतकाल का है क्योंकि विद्यालय के बन्द होने पर संदेह है।

**16. 'चिड़िया' शब्द का बहुवचन है ?**

(A) चिड़ियाँ (B) चिड़ियाऐं (C) चिड़ियाँऐं (D) चिड़ियाँओं

**(A) व्याख्या**-'या' से अन्त होने वाले स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के अन्त में अनुनासिक (ँ) जोड़कर बहुवचन बनाया जाता है। अतः 'चिड़िया' का बहुवचन 'चिड़ियाँ' होगा।

**17. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'अमृत' का पर्यायवाची नहीं है ?**

(A) सुधा (B) पीयूष (C) सोम (D) दर्प

**(D) व्याख्या**-विकल्प 'D' में दिया गया शब्द 'दर्प' अमृत का पर्यायवाची नहीं है अपितु यह घमण्ड या अहंकार का पर्यायवाची है। वे शब्द जिनके अर्थ एक दूसरे से मिलते-जुलते होते हैं, पर्यायवाची कहलाते हैं।

**18. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची है ?**

(A) जलज, नीरज, राजीव (B) तट, तीर, कूल

(C) कोकिला, श्यामा, आत्मजा (D) गोपाल, वासुदेव, मोहन

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं, क्योंकि कोकिला व श्यामा शब्द कोयल के पर्यायवाची हैं जबकि आत्मजा शब्द पुत्री का पर्यायवाची है।

**19. निम्न में से कौनसा विलोम युग्म गलत है ?**

(A) प्रत्यक्ष-परोक्ष (B) मान-सम्मान
(C) मितव्यय-अपव्यय (D) मलिन-निर्मल

**(B) व्याख्या**-वे शब्द जो एक-दूसरे के विपरीत अथवा उल्टे अर्थ को प्रकट करते हैं, विलोम शब्द कहलाते है। विकल्प 'B' में दिए गए शब्द विपरीत अर्थ को नहीं अपितु समान अर्थ को प्रकट कर रहे हैं क्योंकि 'मान' शब्द का विपरीतार्थक 'अपमान' होता है।

**20. 'जो हर स्थान पर विद्यमान हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा ?**

(A) सर्वव्यापक (B) समदर्शी (C) सर्वज्ञ (D) शाश्वत

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया गया शब्द-'सर्वव्यापक' का अर्थ है सभी जगह व्याप्त। अतः उपर्युक्त वाक्य के लिए यही सार्थक शब्द है जबकि समदर्शी-शब्द का अर्थ है जो सबके साथ समान व्यवहार करे, सर्वज्ञ का अर्थ है ज़ो सब कुछ जानता हो तथा शाश्वत का अर्थ है-सदा रहने वाला।

**21. अवलंब-अविलंब शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है ?**

(A) सहारा, समय सीमा (B) तुरन्त, सहारा
(C) समय सीमा, बिना देर किए (D) सहारा, तुरन्त

**(D) व्याख्या**-ऐसे शब्द जो उच्चारण व लेखन में काफी समानता लिए होते है किन्तु थोड़ी सी भिन्नता से भी जिनके अर्थ नितान्त अलग-अलग होते है, शब्द युग्म कहलाते हैं। उपर्युक्त शब्द युग्म में अवलंब का अर्थ है सहारा, जबकि अविलंब का अर्थ है बिना देर किए अर्थात् तुरन्त। अतः विकल्प (D) सही है।

22. 'रामचरितमानस' का .................. कर तुलसीदास ने साहित्य जगत् को अनुपम कृति दी ?

(A) निर्माण (B) सर्जन (C) उत्पादन (D) अन्वेषण

**(B) व्याख्या**-'सर्जन' शब्द का अर्थ है 'रचना करना' अत: उपर्युक्त रिक्त स्थान के लिए विकल्प (B) सही है।

**23. निम्न में से कौनसा शब्द 'देशज' नहीं है ?**

(A) अखबार (B) पगड़ी (C) पैसा (D) खिड़की

**(A) व्याख्या**-हिन्दी में अरबी, फारसी, तुर्की, अंग्रेजी, पुर्तगाली आदि विदेशी भाषाओं से शब्द आ गए हैं। ये शब्द 'देशज' नहीं है। अत: विकल्प (A) में दिया गया शब्द 'अखबार' 'अरबी' भाषा का शब्द है। यह 'देशज' शब्द नहीं है।

**24. निम्न में से कौनसा शब्द 'तत्सम' नहीं है ?**

(A) पुस्तक (B) अवकाश (C) अग्नि (D) दही

**(D) व्याख्या**-संस्कृत भाषा से जो शब्द यथावत् हिन्दी में आ गए हैं, उन्हें 'तत्सम' शब्द कहते है। 'दही' शब्द संस्कृत शब्द 'दधि' से परिवर्तित होकर हिन्दी में आया है। अत: यह 'तत्सम' नहीं अपितु 'तद्भव' शब्द है।

**25. निम्न में से किस वाक्य में संबंध वाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?**

(A) यह वही बालिका है, जो कल दौड़ में प्रथम आई।

(B) कौन आया है ?

(C) वह आप ही चला गया है।

(D) कोई आ रहा है।

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम 'जो' प्रधान उपवाक्य में आए संज्ञा शब्द 'बालिका' से उपवाक्य का सम्बन्ध जोड़ रहा है। अतः 'जो' शब्द सम्बन्ध वाचक सर्वनाम है।

**26. निम्न में से किस वाक्य में 'गुणवाचक विशेषण' है ?**

(A) माताजी बीस किलो आटा लाई।

(B) दुर्घटना में कुछ यात्री घायल हुए।

(C) यह किताब महँगी है।

(D) रीतेश एक बुद्धिमान लड़का है।

**(D) व्याख्या**-जो विशेषण संज्ञा या सर्वनाम के गुणों का बोध कराता है उसे 'गुणवाचक विशेषण' कहा जाता है। विकल्प (D) में दिए गए वाक्य में 'बुद्धिमान' शब्द रीतेश (संज्ञा शब्द) की विशेषता अर्थात् गुण का बोध करा रहा है। अतः यह गुणवाचक विशेषण है।

**27. निम्न में से किस वाक्य में 'द्वि कर्मक' क्रिया है ?**

(A) मैंने पुलिस को चोर पकड़वा दिया।

(B) नरेश मैदान में दौड़ रहा है।

(C) लड़की ने बेर खाए।

(D) अशोक श्याम को मूर्ख समझता है।

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'पुलिस' तथा 'चोर' दो कर्म है। अतः इस वाक्य में द्विकर्मक क्रिया है।

(A) **व्याख्या**-विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'पुलिस' तथा 'चोर' दो कर्म है। अतः इस वाक्य में द्विकर्मक क्रिया है।

**28. निम्न में से किस वाक्य में क्रिया की 'आज्ञार्थ वृत्ति' का प्रयोग हुआ है ?**

(A) बिजली आती तो मैं पढ़ता। (B) सीमा ने पुस्तक पढ़ ली है।

(C) सदा सुखी रहो।

(D) तुम अपने घर जाओ।

(D) **व्याख्या**-क्रिया के जिस रूप से वक्ता की आज्ञा, प्रार्थना, उपदेश आदि वृत्ति का बोध होता है उसे 'आज्ञार्थ वृत्ति' कहते हैं। अतः विकल्प (D) में दिए गए वाक्य में क्रिया की 'आज्ञार्थ वृत्ति' का प्रयोग हुआ है।

**29. 'काम का अन्तिम चरण ही महत्त्वपूर्ण होता है'। इस भावार्थ को प्रकट करने वाली लोकोक्ति है ?**

(A) आम के आम गुठलियों के दाम।

(B) अन्त भला तो सब भला।

(C) आप भला तो जग भला (D) एक पंथ दो काज

(B) **व्याख्या**-विकल्प (D) सही है जबकि (A) विकल्प में दी गई लोकोक्ति-'हर प्रकार का लाभ' भावार्थ को प्रकट करती है तथा (C) विकल्प में दी गई लोकोक्ति अपने व्यवहार से जब जगह आदर मिलता है तथा 'D' विकल्प में दी गई लोकोक्ति 'एक काम से दोहरा लाभ' भावार्थ को अभिव्यक्त करती है।

30. निम्न शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द अशुद्ध है ?

(A) अध्येता (B) अधोपतन (C) विपद् (D) उत्तरदायी

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिए गए शब्द की वर्तनी अधोपतन न होकर 'अध:पतन' शुद्ध वर्तनी है।

**31. व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य निम्न में से कौनसा है ?**

(A) कबीर ने अपने मित्र को दावत दी।

(B) कमरे में पानी भर जाने से दीवार ढह गई।

(C) रूस का सत्ता परिवर्तन विश्व के लिए चुनौती है।

(D) आतंकवादियों ने राइफल को समर्पित कर दिया।

**(D) व्याख्या**-विकल्प में दिया गया वाक्य अशुद्ध है। शुद्ध वाक्य होगा-आतंकवादियों ने राइफलें समर्पित कर दी।

**32. 'प्रत्युपकार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?**

(A) प्रति (B) प्र (C) परि (D) प्रत्यु

**(A) व्याख्या**-प्रत्युपकार शब्द प्रति + उपकार के संयोग से बना है। अत: इसमें प्रति उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

**33. 'देशनिकाला' पद किस समास का उदाहरण है ?**

(A) सम्प्रदान तत्पुरुष (B) करण तत्पुरुष

(C) अपादान तत्पुरुष (D) कर्म तत्पुरुष

**(C) व्याख्या**-जिस समास में द्वितीय पद प्रधान होता है और दोनों पदों के मध्य समस्त पद बनाते समय कारक-चिह्न का लोप होता है उसे तत्पुरुष समास कहते है। अपादान तत्पुरुष समाज में समस्त पद का विग्रह करते समय अलग होने के अर्थ में 'से' विभक्ति का प्रयोग होता है। 'देशनिकाला' समस्त पद का विग्रह होगा-देश से निकाला हुआ। अत: इस पद में अपादान तत्पुरुष समास है।

**34. निम्न में से किस शब्द में प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(A) अचानक
(B) सराहनीय
(C) नैतिक
(D) मार्मिक

**(A) व्याख्या**-'अचानक' शब्द में कोई प्रत्यय नहीं है जबकि 'सराहनीय' शब्द में 'अनीय' प्रत्यय, 'नैतिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय तथा 'मार्मिक' शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

**35. निम्न में से किस शब्द की संधि सही है ?**

(A) सूर्य + उदय = सूर्योउदय
(B) कवि + इन्द्र = कविन्द्र
(C) परम + औषध = परमौषध
(D) पितृ + आलय = पितहलय

**(B) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए शब्दों की संधि सही है क्योंकि 'परमौषध' शब्द में वृद्धि संधि है तथा वृद्धि संधि के नियमानुसार जब 'अ' अथवा 'आ' के आगे 'ओ' अथवा 'औ' आने पर दोनों मिलकर 'औ' हो जाते है।

**36. Campaign के लिए सही पारिभाषिक शब्द है ?**

(A) शिविरक
(B) अभियान
(C) शिविर
(D) अभियान अधिकारी

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिया गया पारिभाषिक शब्द 'अभियान' सही है जबकि 'शिविरक' के लिए 'Camper', 'शिविर' के लिए 'Camp' तथा 'अभियान अधिकारी' के लिए 'Campaign Officer' शब्दों का प्रयोग होता है।

**37. 'सहायता करना' किस मुहावरे का अर्थ है ?**

(A) हाथ बँटाना (B) हाथ पसारना

(C) हाथ धो बैठना (D) हाथ मलना

**(A) व्याख्या**-'सहायता करना' भावार्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा विकल्प (A) में दिया गया 'हाथ बँटाना' है जबकि 'हाथ पसारना' मुहावरें का अर्थ है 'माँगना', 'हाथ धो बैठना' मुहावरे का अर्थ है 'खो देना', 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ है 'पछताना'।

**38. निम्न में से किस वाक्य में विराम-चिह्नों का सही प्रयोग हुआ है ?**

(A) श्याम ने कहा, हाय यह मेरा बालक मर गया है।

(B) श्याम ने कहा, हाय! यह मेरा बालक मर गया है।

(C) श्याम ने कहा, हाय, यह मेरा बालक मर गया है।

(D) श्याम ने कहा, "हाय! यह मेरा बालक मर गया है।"

(D) **व्याख्या**-किसी व्यक्ति, लेखक या कवि द्वारा कही हुई बात दोहरे अवतरण चिह्न में आती है तथा हर्ष, शोक, घृणा, भय, विस्मय आदि भावों के सूचक शब्दों के अन्त में विस्मय सूचक चिह्न ( ! ) का प्रयोग किया जाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

39. **निम्न में से 'निषेधात्मक वाक्य' कौनसा है ?**

(A) तरुण आज खेलने नहीं जाएगा।

(B) किसान खेत में हल चला रहा है।

(C) आज शाम को तुम क्या कर रहे हो।

(D) अब तक पिताजी घर पहुँच गए होंगे।

**(A) व्याख्या**–जिस वाक्य में किसी कार्य के निषेध (न होने) का बोध हो, उसे निषेधात्मक वाक्य कहा जाता है। विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'खेलने जाने' का निषेध हो रहा है। अतः यह निषेधात्मक वाक्य है।

40. **निम्न वाक्यों में से 'संज्ञा उपवाक्य' कौनसा है ?**

(A) जो परिश्रम करेगा, उसे अवश्य सफलता मिलेगी।

(B) जब वह घर पहुँचा, वर्षा हो रही थी।

(C) यद्यपि वह गरीब है, फिर भी ईमानदार है।

(D) मेरे पिताजी चाहते है कि मैं डॉक्टर बनूँ।

**(D) व्याख्या**–जो आश्रित उपवाक्य किसी वाक्य में प्रधान उपवाक्य की संज्ञा या संज्ञा पदबन्ध के स्थान पर प्रयुक्त हुआ हो, उसे संज्ञा उपवाक्य कहते है। ये प्रायः 'कि' योजक से जुड़े होते हैं तथा यदि प्रधान उपवाक्य की क्रिया से 'क्या' प्रश्न किया जाए, तो उत्तर में प्राप्त होते हैं। अतः विकल्प (D) में दिया गया वाक्य 'संज्ञा उपवाक्य' है।

41. **किस वाक्य में 'करण कारक' नहीं है ?**

(A) बालक कलम से लिखता है।

(B) धावक छत से कूदता है।

(C) मोहन सीढ़ी से चढ़ता है। (D) मैं आँख से देखता हूँ।

**(B) व्याख्या**-'करण कारक' में प्रयुक्त 'से' सहायक साधन का सूचक है जबकि सम्प्रदान कारक में प्रयुक्त 'से' अलग होने का भाव प्रकट करता है। अतः विकल्प (B) में दिए गए वाक्य में करण कारक नहीं अपितु अपादान कारक है क्योंकि धावक छत से अलग हो रहा है।

**42. बहुवचन की दृष्टि से निम्न में से क़ौनसा शब्द अशुद्ध है ?**

(A) मातायें (B) बहुएँ (C) धेनुएँ (D) प्रतिमा

**(D) व्याख्या**-'प्रतिमा' शब्द एकवचन है। इसका बहुवचन होगा 'प्रतिमायें' होगा। स्त्रीलिंग आकारान्त शब्दों के अन्त में 'ये' लगाकर बहुवचन शब्द बनाये जाते हैं।

**43. पुल्लिंग व स्त्रीलिंग की दृष्टि से निम्न में से कौनसा विकल्प सही नहीं है ?**

(A) भवदीय-भवदीया (B) पंडित-पंडितानी

(C) आत्मज-आत्मजा (D) आचार्य-आचार्या

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिए गए पुल्लिंग शब्द 'पंडित' का स्त्रीलिंग शब्द 'आइन' प्रत्यय जोड़कर 'पंडिताइन' बनेगा। अतः विकल्प (B) में दिया गया शब्द सही नहीं है।

44. **किस वाक्य में 'हेतु-हेतु मद् भूतकाल' का प्रयोग हुआ है ?**

(A) कार्य समाप्त हो गया होगा।

(B) यदि तुम सहायता करते, तो मेरा संकट दूर हो जाता।

(C) पिताजी बाजार गए है।

(D) वार्षिकोत्सव समाप्त हो चुका था।

**(B) व्याख्या**–जिस क्रिया से इस बात का बोध हो कि कार्य भूतकाल में हो सकता था, पर किसी अन्य कार्य के न होने के कारण वह भी न हो सका। वहाँ हेतु-हेतु मद् भूतकाल होता है। अतः विकल्प (B) में दिए गए वाक्य में 'हेतु-हेतु मद् भूतकाल' का प्रयोग हुआ है।

45. **'मोहन डॉक्टर है'-इस वाक्य में निम्न में से कौनसा पक्ष है ?**

(A) आवृति मूलक पक्ष (B) सातत्य बोधक पक्ष

(C) नित्यि बोधक अपूर्ण पक्ष (D) पूर्णकालिक पक्ष

**(C) व्याख्या**-नित्य बोधक पक्ष में क्रिया सामान्य रूप से निरन्तर चलती रहती है और पूरी नहीं होती। अतः विकल्प (C) सही है।

46. **निम्न वाक्यों में से कर्मवाच्य से सम्बन्धित वाक्य कौनसा है ?**

(A) लड़कियों ने नृत्य किया।

(B) गायिका द्वारा गीत गाया जा रहा है।

(C) किसानों ने खेत में पानी दिया।

(D) बच्चों से दौड़ा जाता है।

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिए गए वाक्य में कर्म 'गीत' की प्रधानता है; तथा इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया 'गाया जा रहा है' का

लिंग व वचन कर्म के अनुसार है। अतः यह वाक्य कर्मवाच्य का उदाहरण है।

47. 'अभिराम-अविराम' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद निम्न में से कौनसा है ?

(A) बिना रुके, सुन्दर
(B) सुन्दर, सहारा
(C) सहारा, सुन्दर
(D) सुन्दर, बिना रूके

**(D) व्याख्या**-अभिराम शब्द का अर्थ है सुन्दर तथा अविराम शब्द का अर्थ है लगातार या बिना रूके। अतः विकल्प (D) सही है।

48. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं है ?

(A) वानर, कपि, मर्कट
(B) जल्द, पयोद, नीरद
(C) कुंतल, अलक, ज्योति
(D) प्रसून, सुमन, मंजरी

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं है। क्योंकि 'कुंतल' व 'अलक' शब्द तो 'बाल' के पर्यायवाची है जबकि 'ज्योति' शब्द 'प्रकाश' का पर्यायवाची है।

49. निम्न में से कौनसा विलोम युग्म सही नहीं है ?

(A) उत्कर्ष-अपकर्ष
(B) आहार-समाहार
(C) उदार-अनुदार
(D) उन्नति-अवनति

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिया गया विलोम शब्द युग्म सही नहीं हैं क्योंकि 'आहार' का अभिप्राय है 'खाना'। इसका विलोम शब्द होगा 'निराहार'।

50. 'जिसे जाना न जा सके' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द होगा ?

(A) अज्ञेय (B) अज्ञात (C) अनभिज्ञ (D) अज्ञ

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया गया शब्द सही है जबकि 'अज्ञात' शब्द का अर्थ है जो ज्ञात न हो, 'अनभिज्ञ' शब्द का अर्थ है जो जानता न हो तथा 'अज्ञ' शब्द का अर्थ है जो कुछ न जानता हो।

**51. निम्न में से 'तद्भव' शब्द कौनसा है ?**

(A) ध्वनि (B) मुख (C) दुग्ध (D) खेत

**(D) व्याख्या**-विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'श्वेत' तद्भव शब्द है। यह संस्कृत के 'क्षेत्र' शब्द में परिवर्तित होकर हिन्दी में आया है। अतः यह तद्भव शब्द है।

**52. 'आलमारी' शब्द है।**

(A) देशज (B) तत्सम (C) तद्भव (D) विदेशी

**(D) व्याख्या**-'आलमारी' शब्द पुर्तगाली भाषा से हिन्दी में आया है। अतः यह विदेशी शब्द है।

**53. निम्न में से कौनसी भाववाचक संज्ञा नहीं है ?**

(A) मिठास (B) पुस्तक (C) गरीबी (D) सुन्दरता

**(B) व्याख्या**-भाववाचक संज्ञा ऐसे संज्ञा शब्दों को कहा जाता है जिनका प्रयोग किसी व्यक्ति, वस्तु या पदार्थ के गुण-धर्म, दोष, दशा, स्वभाव, अवस्था आदि का बोध कराने के लिए किया जाता है। अतः 'पुस्तक' भाववाचक संज्ञा नहीं है अपितु जातिवाचक संज्ञा है।

54. 'चालीस छात्रों ने ठीक उत्तर दिए' इस वाक्य में कौनसा विशेषण है ?

(A) निश्चित संख्यावाचक विशेषण।

(B) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण।

(C) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण।

(D) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण।

**(A) व्याख्या**-उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'चालीस' विशेषण अपने विशेष्य 'छात्रों' की निश्चित संख्या का बोध कराता है। अत: यह निश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

55. निम्न में से किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया है ?

(A) अध्यापक छात्रों को पढ़ाता है।

(B) मैं अपना काम समय पर करता हूँ।

(C) अतिथि खाना खाकर सो गए।

(D) उसने मुझे एक किताब बेची।

**(C) व्याख्या**-मुख्य क्रिया से पहले घटित होने वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है। विकल्प (C) में दिए गए वाक्य में 'सो गए' मुख्य क्रिया है तथा 'खाने' की क्रिया पूर्वकालिक क्रिया है।

56. **निम्न में से किस वाक्य में समानाधिकरण समुच्चय बोधक है ?**

(A) सूर्य निकला और अंधकार नष्ट हो गया।

(B) यदि तुम आते तो मैं चला जाता।

(C) तुम्हें जल्दी करनी चाहिए ताकि ठीक समय पर पहुँच सको।

(D) ऐसा लगता है मानों तेज वर्षा आएगी।

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'और' समुच्चय बोधक दो समान वाक्यांशों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। अत: यह समानाधिकरण समुच्चय बोधक है।

57. **निम्न में से किन शब्दों की गणना 'अव्यय' के अन्तर्गत नहीं की जाती ?**

(A) क्रिया विशेषण

(B) संबंध बोधक

(C) विशेषण शब्द

(D) विस्मयादि बोधक

**(C) व्याख्या**-ऐसे शब्द जो किसी लिंग, वचन, पुरुष, काल आदि से प्रभावित न होकर एक जैसे बने रहते हैं, अव्यय कहलाते हैं। अत: विशेषण शब्द अव्यय नहीं होते हैं।

58. **निम्न में से किस वाक्य में 'निपात' का प्रयोग हुआ है ?**

(A) वह दिन-रात परिश्रम कर रहा है।

(B) मैं भी आपके साथ चलूँगा।

(C) प्रयाग में गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम हुआ है।

(D) आज माताजी बाजार जायेंगी।

**(B) व्याख्या**-हिन्दी में कुछ अव्यय शब्द ऐसे होते हैं जिनका प्रयोग किसी शब्द के बाद किया जाता है तथा जिनके प्रयोग से अर्थ में विशेष प्रकार का बल भर जाता है। ऐसे शब्दों को निपात कहते हैं। उपर्युक्त विकल्प (C) में 'भी' शब्द निपात है।

59. 'लोगों ने धीरे-धीरे चलकर ताजमहल देखा'-इस वाक्य में कौनसा क्रिया विशेषण का प्रयोग हुआ है ?

(A) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

(B) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

(C) स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(D) कालवाचक क्रिया विशेषण

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'धीरे-धीरे' क्रिया-विशेषण 'चलने की क्रिया' के घटित होने की रीति से संबंधित विशेषता का बोध कराता है। अतः यह रीतिवाचक क्रिया विशेषण है।

60. 'यह मेरी पुस्तक है' वाक्य में 'यह' शब्द है ?

(A) सर्वनाम

(B) सार्वनामिक विशेषण

(C) विशेषण

(D) संज्ञा शब्द

**(B) व्याख्या**-उपर्युक्त वाक्य में 'यह' शब्द सर्वनाम होते हुए भी संज्ञा शब्द की विशेषता बताने का कार्य कर रहा है। अतः सार्वनामिक विशेषण है।

61. निम्न में से शुद्ध शब्द है ?

(A) तत्कालिक

(B) हस्ताक्षेप

(C) अत्याधिक

(D) व्यावसायिक

**(D) व्याख्या**-विकल्प (D) में दिया गया शब्द ही शुद्ध है। अन्य तीनों विकल्पों में दिए गए शब्दों में स्वरों की मात्राओं के अशुद्ध उच्चारण के कारण होने वाली वर्तनी की अशुद्धियाँ हैं। 'तत्कालिक' का शुद्ध शब्द-'तात्कालिक', 'हस्ताक्षेप' का शुद्ध शब्द 'हस्तक्षेप' तथा 'अत्याधिक' का शुद्ध शब्द 'अत्यधिक' होगा।

62. **निम्नलिखित शब्दों में से विसर्ग संधि का उदाहरण है ?**

(A) दुश्शासन (B) उद्घाटन

(C) उच्चारण (D) सम्मान

**(A) व्याख्या**–'दुश्शासन' शब्द का संधि विच्छेद होगा–'दु: + शासन' इसमें विसर्ग संधि के नियम–यदि विसर्ग के बाद श, स, प में से कोई व्यंजन आए, तो विसर्ग आगे के व्यंजन का रूप ले लेता है, के अनुसार विसर्ग का 'श्' बन गया है।

63. **निम्न शब्दों में से कौनसा शब्द 'आज्ञा' का पर्यायवाची नहीं है ?**

(A) आदेश (B) निर्देश (C) आकांशा (D) फरमान

**(C) व्याख्या**–'आकांशा' शब्द आज्ञा का पर्यायवाची नहीं है अपितु 'इच्छा' का पर्यायवाची है।

64. **'अपनी शक्ति या योग्यता का उचित ज्ञान' कहलाता है ?**

(A) गौरव (B) घमंड (C) अहंकार (D) दर्प

**(A) व्याख्या**–उपर्युक्त वाक्य के लिए उचित शब्द है 'गौरव' जबकि 'घमंड' शब्द का अभिप्राय है–अपने को बड़ा और दूसरों को कुछ नहीं समझना, 'अहंकार' शब्द का अभिप्राय है–शक्ति या योग्यता से अपने आपको अधिक समझना तथा 'दर्प' शब्द का अभिप्राय है–नियम के विपरीत कार्य करने पर भी घमंड करना।

65. 'जन' शब्द में 'सत्' उपसर्ग लगाने पर शब्द बनेगा ?

(A) सतजन (B) सज्जन (C) सद्जन (D) सत्जन

**(B) व्याख्या**–सज्जन शब्द सत् तथा जन के योग से बना है। अतः सज्जन शब्द में सत् उपसर्ग है।

66. निम्न में से कौनसे शब्द में प्रत्यय तथा उपसर्ग का एक साथ प्रयोग हुआ है ?

(A) खटिया (B) इकहरा (C) घड़ीसाज (D) परतंत्रता

**(D) व्याख्या**–विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'परतंत्रता' शब्द पर + तंत्र + ता के योग से बना है। अतः इस शब्द में 'पर' उपसर्ग है तथा 'ता' प्रत्यय है व 'तंत्र' मूल शब्द है। अतः 'परतंत्रता' शब्द में उपसर्ग व प्रत्यय दोनों का एक साथ प्रयोग हुआ है।

67. निम्न शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए ?

(A) अत्यधिक (B) सप्ताहिक

(C) हस्तक्षेप (D) श्रीमती

**(B) व्याख्या**–विकल्प (B) में दिया गया शब्द 'सप्ताहिक' अशुद्ध है। इसमें 'आ' स्वर की मात्रा के अशुद्ध उच्चारण के कारण वर्तनी में अशुद्धि है। इसकी सही वर्तनी 'साप्ताहिक' होगी।

68. निम्नलिखित वाक्यों में से व्याकरण की दृष्टि से कौनसा वाक्य शुद्ध है ?

(A) मुझे बहुत दुःख हुआ।

(B) दादा जी की बीमारी चिंतनीय है।

(C) आकाश में दीर्घकाय बादल दिखाई दिया।

(D) उसको घमंडी कहकर पुकारना ज्यादती है।

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में किया गया वाक्य शुद्ध है जबकि विकल्प (B) में दिए गए वाक्य का शुद्ध रूप होगा-दादा जी की बीमारी चिन्ताजनक है। विकल्प (C) में दिए गए वाक्य का शुद्ध रूप होगा-आकाश में एक विशालकाय बादल दिखाई दिया तथा विकल्प (D) में दिए गए वाक्य का शुद्ध रूप होगा-उसको घमण्डी कहना ज्यादती है।

69. निम्न में से कौनसा शब्द 'अ' उपसर्ग से बना है ?

(A) अभीष्ट (B) अभिनव (C) अभीत (D) अभिनय

**(C) व्याख्या**-'अभीत' शब्द अ + भीत के संयोग से बना है। अतः इसमें 'अ' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है जबकि 'अभीष्ट' शब्द 'अभि + इष्ट' के संयोग से, 'अभिनव' शब्द अभि + नव के संयोग से तथा 'अभिनय' शब्द अभि + नय के संयोग से बना है। अतः केवल विकल्प (C) में दिए गए शब्द में ही 'अ' उपसर्ग है।

70. वह कौनसा समास है जिसमें दोनों ही पद प्रदान न होकर अन्य पद प्रधान होता है ?

(A) त्रिगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

**(D) व्याख्या**-बहुब्रीहि समास में दोनों ही पद प्रधान न होकर, अन्य पद प्रधान होता है। जिसके पद मिलकर विशेषण बनते हैं तथा किसी

तीसरी ही भिन्न संज्ञा का बोध कराते हैं। जैसे-नीलकंठ = नीला कंठ है जिसका अर्थात् भगवान शंकर। इस पद में नील व कंठ दोनों में से कोई पद प्रधान नहीं है अपितु भगवान शंकर जिनका यह विशेषण बनता है वही प्रधान है।

**71. 'बच्चा' शब्द में 'पन' प्रत्यय लगाने पर शुद्ध रूप बनेगा ?**

(A) बच्चापन (B) बचपन (C) बचपना (D) बच्चपन

**(B) व्याख्या**-'बच्चा' शब्द में 'पन' प्रत्यय लगाने पर प्रथम पद के अन्तिम स्वर 'चा' का ह्रस्व 'च' बन गया है तथा 'च्' का लोप हो गया है। अतः शुद्ध शब्द 'बचपन' बनता है।

**72. निम्न में से किस शब्द का संधि विच्छेद गलत है ?**

(A) भास्कर = भा: + कर (B) धनुर्वेद = धनु + वेद

(C) उल्लास = उल् + लास (D) प्रतिच्छाया = प्रति + छाया

**(D) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिया गया शब्द 'उल्लास' का संधि विच्छेद गलत है। सही संधि विच्छेद होगा-'उद् + लास'। 'उल्लास' शब्द में व्यंजन संधि है तथा व्यंजन संधि के नियमानुसार यदि 'त्/द्' के बाद 'ल' हो तो त्/द् ल् में बदल जाता है।

**73. निम्न में से किस विकल्प में सही पारिभाषिक शब्द है ?**

(A) Cash Book- नकदी पत्र (B) Cash Balance-रोकड़ बही

(C) Cash Certificate-रोकड़ शेष

(D) Cash Chest-तिजोरी

**(D) व्याख्या**-विकल्प (D) में दिया गया पारिभाषिक शब्द सही है। 'Cash Book' के लिए 'रोकड़ बही', 'Cash Balance' के लिए 'रोकड़ शेष' तथा Cash Certificate' के लिए 'नकदी पत्र' सही पारिभाषिक शब्द है।

**(D) व्याख्या**-विकल्प (D) में दिया गया पारिभाषिक शब्द सही है। 'Cash Book' के लिए 'रोकड़ बही', 'Cash Balance' के लिए 'रोकड़ शेष' तथा Cash Certificate' के लिए 'नकदी पत्र' सही पारिभाषिक शब्द है।

**74. 'बोया पेड़ बबूल का आम कहाँ ते होय'-लोकोक्ति का भावार्थ है ?**

(A) आम पाने के लिए आम का ही पेड़ बोना चाहिए।

(B) बबूल का पेड़ बोवोगे तो आम नहीं मिलेंगे।

(C) बुरे कामों का अच्छा फल नहीं मिलता।

(D) बबूल के पेड़ में कांटे होते हैं।

**(C) व्याख्या**-व्यापक लोक अनुभव पर आधारित कथन लोकोक्ति कहलाता है। लोकोक्ति में उसका शाब्दिक अर्थ नहीं बल्कि विशेष या लाक्षणिक अर्थ ग्रहण किया जाता है। अत: विकल्प (C) में दिया गया अर्थ उपर्युक्त लोकोक्ति के भावार्थ को प्रकट करता है।

**75. निम्न में से पूर्ण विराम चिह्न कौनसा है ?**

(A) ? (B) । (C) ! (D) ;

**(B) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया गया 'चिह्न'-'प्रश्नवाचक चिह्न' है, विकल्प (C) में दिया गया चिह्न 'विस्मय सूचक चिह्न' है तथा विकल्प (D) में दिया गया चिह्न 'अर्द्धविराम' का चिह्न है जबकि विकल्प (B) में दिया गया चिह्न 'पूर्ण विराम' का चिह्न है।

**76. निम्न वाक्यों में से 'सरल वाक्य' कौनसा है ?**

(A) वहाँ एक छोटा सा घर था जिसमें चारों ओर फूल थे।

(B) दिन निकला और चिड़ियाँ चहचहाने लगी।

(C) चिट्ठी पढ़ते ही वह चल दिया।

(D) वह निर्धन है परन्तु ईमानदार है।

**(C) व्याख्या**–जिन वाक्यों में एक मुख्य क्रिया तथा एक विधेय होता है, उन्हें सरल वाक्य कहते हैं। अतः विकल्प (C) में दिया गया वाक्य सरल वाक्य है।

**77. 'श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अत्याचारी कंस को मारा'। इस वाक्य में निम्न में से किस कारक का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(A) कर्त्ताकारक (B) अपादान

(C) संबंध कारक (D) सम्प्रदान कारक

**(B) व्याख्या**–संज्ञा का सर्वनाम के जिस रूप से अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते हैं तथा अपादान कारक का परसर्ग 'से' है। अतः उपर्युक्त वाक्य में अपादान कारक नहीं है।

**78. निम्न में से कौनसा शब्द एकवचन व बहुवचन अर्थात् दोनों वचनों में समान नहीं रहता ?**

(A) कवि (B) गुरु (C) चाकू (D) पुस्तक

**(D) व्याख्या**–इ, ई, उ व ऊ से अन्त होने वाले पुल्लिंग शब्द दोनों वचनों में समान रहते हैं। अतः विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'पुस्तक' दोनों वचनों में समान नहीं होगा अपितु 'पुस्तक' शब्द का बहुवचन 'पुस्तकें' होगा।

79. 'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द होगा ?

(A) विद्वानी (B) विदुषी (C) विद्वती (D) विधात्री

**(B) व्याख्या**-'विद्वान' पुल्लिंग शब्द है। इसका शुद्ध स्त्रीलिंग शब्द 'विदुषी' होगा।

80. **निम्न में से किस वाक्य में 'संदिग्ध वर्तमान काल' का प्रयोग नहीं हुआ है ?**

(A) दिनेश व्यायाम कर रहा है। (B) वह आता होगा।

(C) माताजी सोती होगी। (D) सुमन पढ़ती होगी।

**(A) व्याख्या**-क्रिया के जिस रूप से वर्तमान काल में क्रिया के होने में संदेह हो, उस क्रिया का काल 'संदिग्ध वर्तमान काल' कहलाता है। अतः विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल न होकर 'अपूर्ण वर्तमान काल' है क्योंकि क्रिया अभी वर्तमान काल में चल रही है।

81. **निम्न में से किस वाक्य में 'संभावनार्थ वृत्ति' है ?**

(A) शायद मोहन आज आए। (B) क्या तुम मेरा काम कर दोगे?

(C) जैसा करोगे, वैसा भरोगे। (D) हम पढ़ने बैठे है।

**(A) व्याख्या**-जिस वृत्ति में कार्य के होने में संदेह अथवा संशय रहता है वहाँ संभावनार्थ वृत्ति होती है। अतः विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में संभावनार्थ वृत्ति है।

82. **वाच्य की दृष्टि से कौनसा कथन सही नहीं है ?**

(A) क्रिया के जिस रूप में भाव की प्रधानता होती हैं, वहाँ भाव वाच्य होता है।

(B) क्रिया के जिस रूप में कर्म की प्रधानता होती है, वहाँ भाव वाच्य होता है।

(C) भाव वाच्य में कर्त्ता की प्रधानता नहीं होती।

(D) अनुमति या आज्ञा प्राप्त करने के लिए भाव वाच्य का प्रयोग किया जाता है।

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिया गया वाक्य, वाच्य की दृष्टि से अशुद्ध है क्योंकि भाव वाच्य में न तो कर्त्ता की प्रधानता होती है और न कर्म की प्रधानता होती है अपितु भाव की प्रधानता होती है।

**83. नमस्कार-नतीजा अर्थ को प्रकट करने वाला शब्द युग्म निम्न में से कौनसा है ?**

(A) प्रणाम-परिणाम (B) प्रमाण-प्रणाम

(C) प्रणाम-परिमाण (D) परिणाम-प्रणाम

**(A) व्याख्या**-प्रणाम शब्द का अर्थ है नमस्कार करना, अभिवादन करना तथा परिणाम शब्द का अर्थ है नतीजा या रिजल्ट। अतः विकल्प (A) सही है।

**84. 'पुत्र' का पर्यायवाची शब्द है ?**

(A) आत्मजा (B) आत्मज (C) सुता (D) तनया

**(B) व्याख्या**-'आत्मज' शब्द का अर्थ है 'बेटा' तथा 'पुत्र' शब्द का अर्थ भी 'बेटा' है। अतः 'आत्मज' शब्द 'पुत्र' शब्द का पर्यायवाची है जबकि अन्य तीनों विकल्पों में किए गए शब्द 'पुत्री' के पर्यायवाची है।

85. निम्न विलोम शब्दों के युग्म में से शुद्ध विलोम शब्दों के युग्म का चयन कीजिए ?

(A) परकीया-स्वकीया (B) पाश्चात्य-स्वदेशी

(C) प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष (D) पक्ष-विरोधी

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया गया विलोम शब्द युग्म शुद्ध है। जबकि 'पाश्चात्य' का विलोम शब्द होगा 'पौर्वात्य', 'प्रत्यक्ष' का विलोम होगा 'परोक्ष', 'पक्ष' का विलोम शब्द होगा 'परोक्ष'।

86. 'अपारदर्शक' शब्द निम्न में से किस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है ?

(A) जिसकी आशा न की गई हो।

(B) जो सहन न किया जा सके।

(C) जिसे आर-पार न देखा जा सके।

(D) जो बात पहले कभी न हुई हो।

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए वाक्य के लिए ही उपर्युक्त शब्द सार्थक शब्द है जबकि विकल्प (A) में दिए गए वाक्य के लिए सार्थक शब्द 'अप्रत्याशित', 'B' में दिए गए वाक्य के लिए 'असह्य' तथा विकल्प (D) में दिए गए वाक्य के लिए 'अभूतपूर्व' शब्द होंगे।

87. निम्न में से कौनसा शब्द विदेशी नहीं है ?

(A) खिचड़ी (B) मरीज (C) दफ्तर (D) जुर्माना

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया हुआ देशज शब्द है, विदेशी नहीं। यह देश में ही लोकभाषा में हिन्दी में अथवा बोलचाल में आया है।

**88. निम्न में से किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?**

(A) वह मेरा घर है।

(B) जिन्हें आपने बुलाया वे आ गए।

(C) मैं अपने आप पढ़ लूँगा। (D) वहाँ कौन बैठा है ?

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए वाक्य में 'आप' शब्द से 'निजत्व' अर्थात् 'अपनेपन' का बोध हो रहा है। अत: इस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है।

**89. निम्न में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है ?**

(A) हरीश ने पत्र लिखा (B) विद्यार्थी बैठा है

(C) बालिका ने गीत गाया (D) बच्चा दूध पी रहा है

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिए गए वाक्य में कर्त्ता 'विद्यार्थी' का क्रिया 'बैठा है' से सीधा सम्बन्ध है। अत: इसमें कर्म की आवश्यकता नहीं है। यह वाक्य 'अकर्मक क्रिया' का है।

90. 'वह दिनभर पढ़ता रहता है'-इस वाक्य में क्रिया-विशेषण है ?

(A) कालवाचक क्रिया विशेषण

(B) स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(C) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

(D) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

**(A) व्याख्या**-उपर्युक्त वाक्य में 'दिनभर' काल वाचक क्रिया विशेषण है क्योंकि यह क्रिया के घटित होने के समय से सम्बद्ध विशेषता का बोध कराता है।

91. **निम्न में से किस पद में 'कर्मधारय' समास है ?**

(A) त्रिवेणी (B) शताब्दी (C) राजकुमार (D) नीलकमल

**(D) व्याख्या**-'नीलकमल' समस्त पद का विग्रह होगा नीला + कमल। इस पद में नीला विशेषण है तथा 'कमल' विशेष्य है। जिस समस्त पद में विशेषण विशेष्य का योग होता है वह कर्मधारय समास कहलाता है।

92. **'सभा में बहुत से लोग थे' इस वाक्य में 'सभा' शब्द है ?**

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) समूहवाचक संज्ञा

(C) जातिवाचक संज्ञा (D) भाववाचक संज्ञा

**(B) व्याख्या**-उपर्युक्त वाक्य में 'सभा' शब्द समूह का बोध करा रहा है। अतः यह समूहवाचक संज्ञा है।

93. **निम्न में से किस वाक्य में 'करण कारक' का प्रयोग हुआ है ?**

(A) हमनें दही के साथ रोटी खाई।

(B) राकेश पत्र लिख रहा है।

(C) कमला से गीत गीत गाया गया।

(D) मैंने रमेश को एक पुस्तक दी।

**(A) व्याख्या**-संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप की सहायता से क्रिया सम्पन्न होती है, उसे करण कारक कहते है। विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में 'दही के साथ' करण कारक है क्योंकि इसकी सहायता से क्रिया सम्पन्न की जा रही है।

**94. 'वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है' वाक्य का निषेधात्मक वाक्य होगा ?**

(A) क्या वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है ?

(B) वह आठवीं कक्षा में नहीं पढ़ता।

(C) क्या ? वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है।

(D) शाबास ! वह आठवीं कक्षा में पढ़ता है।

**(B) व्याख्या**-जिस वाक्य में किसी कार्य के निषेध होने का बोध होता है वह निषेधात्मक वाक्य होता है। अत: विकल्प (B) में दिया गया वाक्य निषेधात्मक है।

**95. व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य कौनसा है ?**

(A) दशरथ के तीन रानियाँ थीं।

(B) मेवाड़ की महारानी बहुत विद्वान थी।

(C) रमेश पत्र पढ़ता है।

(D) किसी दूसरे लड़के को बुलाओ।

**(B) व्याख्या**-विकल्प (B) में दिया गया व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है। इसमें लिंग सम्बन्धी अशुद्धि है। 'महारानी' शब्द स्त्रीलिंग है। अत: 'विद्वान' के स्थान पर 'विदुपी' शब्द का प्रयोग होगा तथा शुद्ध वाक्य बनेगा-'मेवाड़ की महारानी बहुत विदुपी थी'।

96. 'कोरा जवाब देना' मुहावरे का अर्थ है ?

(A) केवल जवाब देना (B) लड़ाई करना

(C) बेइज्जती करना (D) साफ इंकार कर देना

**(D) व्याख्या**-'साफ इंकार कर देना' भावार्थ प्रकट करने वाला मुहावरा 'कोरा जवाब देना' है अर्थात् मना कर देना है।

97. निम्न में से किस शब्द की संधि गलत है ?

(A) राज + ईश = राजेश

(B) वाक् + मय = वाङ्मय

(C) सन् + रक्षण = सन् रक्षण

(D) नि: + आकार = निराकार

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिए गए शब्द की संधि गलत है। 'सन् + रक्षण' शब्दों की संधि होगी 'संरक्षण'। इसमें व्यंजन संधि है। व्यंजन संधि के नियमानुसार-जब म् के आगे य्, र्, ल्, व्, श्, ष्, स्, ह् में से कोई वर्ण हो तो 'म्' अनुस्वार में बदल जाता है।

98. निम्न में से कौनसा पद सामासिक नहीं है ?

(A) हाथ-पाँव मारना (B) चाचा-ताऊ

(C) नील कमल (D) हस्तलिखित

**(A) व्याख्या**-विकल्प (A) में दिया गया पद सामासिक नहीं है। सामासिक पद है 'हाथ-पाँव' इसका विग्रह होगा 'हाथ और पाँव'।

99. 'पानी-पानी हो जाना' मुहावरे का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में शुद्ध रूप में हुआ है ?

(A) चोरी करते पकड़े जाने के कारण वह पानी-पानी हो गया।

(B) जलेबी को देखकर उसका मुँह पानी-पानी हो गया।

(C) वर्षा के कारण सर्वत्र पानी-पानी हो गया।

(D) परिश्रम करने से वह पानी-पानी हो गया।

**(A) व्याख्या**-उपर्युक्त मुहावरे का अर्थ है 'लज्जित होना'। अत: विकल्प (A) में दिए गए वाक्य में ही इस मुहावरे का प्रयोग शुद्ध रूप में हुआ है।

100. **वाच्य से सम्बन्धित निम्न वाक्यों में असंगत कथन कौनसा है ?**

(A) जिस वाक्य में वाच्य बिन्दु 'कर्त्ता' हो उसे कर्त्तवाच्य कहते हैं।

(B) क्रिया के जिस रूप में 'कर्म' की प्रधानता होती है, उसे कर्मवाच्य कहते हैं।

(C) क्रिया के जिस रूप में कर्म व भाव की प्रधानता होती है उसे भाव वाच्य कहते हैं।

(D) क्रिया के जिस रूप में कर्त्ता व कर्म की नहीं अपितु भाव की प्रधानता हो वहाँ 'भाव वाच्य' होता है।

**(C) व्याख्या**-विकल्प (C) में दिया गया वाक्य भाव वाच्य के सम्बन्ध में अशुद्ध है क्योंकि भाव वाच्य में केवल 'भाव' की प्रधानता होती है 'कर्म' की नहीं।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (A) | 3. (D) | 4. (A) | 5. (A) | 6. (C) | 7. (D) | 8. (C) | 9. (B) | 10. (D) |
| 11. (C) | 12. (A) | 13. (D) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (A) | 17. (D) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (A) |
| 21. (D) | 22. (B) | 23. (A) | 24. (D) | 25. (A) | 26. (D) | 27. (A) | 28. (D) | 29. (B) | 30. (B) |
| 31. (D) | 32. (A) | 33. (C) | 34. (A) | 35. (B) | 36. (B) | 37. (A) | 38. (D) | 39. (A) | 40. (D) |
| 41. (B) | 42. (D) | 43. (B) | 44. (B) | 45. (C) | 46. (B) | 47. (D) | 48. (C) | 49. (B) | 50. (A) |
| 51. (D) | 52. (D) | 53. (B) | 54. (A) | 55. (C) | 56. (A) | 57. (C) | 58. (B) | 59. (A) | 60. (B) |
| 61. (D) | 62. (A) | 63. (C) | 64. (A) | 65. (B) | 66. (D) | 67. (B) | 68. (A) | 69. (C) | 70. (D) |
| 71. (B) | 72. (D) | 73. (D) | 74. (C) | 75. (B) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (D) | 79. (B) | 80. (A) |
| 81. (A) | 82. (B) | 83. (A) | 84. (B) | 85. (A) | 86. (C) | 87. (A) | 88. (C) | 89. (B) | 90. (A) |
| 91. (D) | 92. (B) | 93. (A) | 94. (B) | 95. (B) | 96. (D) | 97. (C) | 98. (A) | 99. (A) | 100. (C) |

"ऐसे ही आपको हर विषय के नोट्स निशुल्क उपलब्ध कराते रहेंगे, आप 'RAJASTHAN CLASSES' CHANNEL को SUBSCRIBE जरुर कर लीजिए!

अधिक पढ़ने हेतु

YouTube Subscribe

RAJASTHAN CLASSES

राजस्थान की हर प्रतियोगी परीक्षा हेतु उपयोगी

❖ राजस्थान सामान्य ज्ञान के नोट्स डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए इमेज पर क्लिक करें --

❖ राजस्थान की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण नोट्स Free डाउनलोड :-

❖ राजस्थान कला एवं संस्कृति, भूगोल, इतिहास सभी के नोट्स Free डाउनलोड करने का एकमात्र Google वेबसाइट :- *Rajasthanclasses.in*




YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

राजस्थान क्लासेज
Home Page
GK संबंधित PDF डाउनलोड

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

WhatsApp
ग्रुप ज्वॉइन करें

राजस्थान क्लासेज
लेटेस्ट पोस्ट/न्यूज
Just Click Now

पशु परिचर परीक्षा 2024
15+ मॉडल पेपर
Free Download
PDF

100%
तैयारी सलेक्शन की
पशु परिचर भर्ती
पशुपालन
सामान्य जानकारी
444 प्रश्न ई बुक

पशु परिचर
(Animal Attendant)
भाग - (ब)
पशुपालन हस्तलिखित नोट्स
(मारांक- 45 अंक)
मात्र 21/- रू.
पशु परिचर बनाने वाले नोट्स
आदर्श कुमावत सर

Download More PDF's
WWW.RAJASTHANCLASSES.IN